हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 अगस्त 2026

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 एक डॉक्टर के भरोसे 40 गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था...



07 पुत्रदा एकादशी पर खाटू धाम में उमड़ा आस्था का...



खबर संक्षेप

कुएं में डूबने से 16 वर्षीय बालक की मौत

सीहोर। ग्राम भंडेली में रविवार दोपहर करीब एक बजे कुएं में डूबने से 16 वर्षीय बलराम मीणा पिता हरिकिशन मीणा की मौत हो गई। बालक के कुएं में डूबने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एसडीईआरएफ और पुलिस बल की टीम की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। मृतक का पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलकिसगंज में कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कंपकंपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगायें। हल्के रंग के कपड़े पहने एवं हाथ पैरों को पूरा ढ़कें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें। इसके साथ ही तेज बुखार, उल्टी तथा शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है। कूलर, टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि में को ढक कर रखें तथा अधिक दिनों तक यहां पानी जमा न रहने दें। यह मच्छर दिन के समय काटता है।

आज लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

सीहोर। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत अटल अस्पताल, गंगा आश्रम सीहोर में 25 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। शिविर में गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण से प्रसव तक आवश्यक परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही प्रसव संबंधी सुविधाएं, बांझपन की समस्या पर परामर्श, सफेद पानी की समस्या का उपचार, अत्यधिक एवं अनियमित माहवारी की समस्या तथा गर्भाशय में गांठ से संबंधित चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। शिविर में अंडाशय में गांठ के ऑपरेशन की सुविधा के संबंध में भी परामर्श उपलब्ध रहेगा। शिविर में डॉ. अंशु सोभानी द्वारा चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। अटल अस्पताल प्रबंधन ने महिलाओं से शिविर में पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लेने की अपील की है।

जनशिक्षकों की नियुक्ति में प्रदेश भर में फिसड्डी सीहोर जिला, 20 दिन में भी मार्गदर्शन नहीं ले सके अधिकारी !

जिले में 6 से 18 सालों से जमे हैं जनशिक्षक, शिक्षक संगठन की आवाज भी रही बेअसर

सीहोर। राज्य शिक्षा केंद्र के कड़े निर्देशों और तय समय-सीमा के बावजूद सीहोर जिला शिक्षा विभाग की सुस्ती के कारण जनशिक्षक और अकादमिक समन्वयक भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह खटाई में पड़ गई है। जहां प्रदेश के अन्य जिलों में भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, वहीं जिला इस मामले में पूरे प्रदेश में फिसड्डी साबित हुआ है।

बता दें राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने 24 जून को पत्र जारी कर निर्देश दिए थे कि 25 जुलाई तक वरिष्ठता सूची तैयार कर 5 अगस्त को काउंसलिंग कराई जाए, ताकि 20 अगस्त तक पदस्थापना आदेश जारी हो सकें। भर्ती नियमों के तहत सत्र 2026-27 के लिए प्रत्येक विकासखंड में 5 अकादमिक समन्वयक (2 विज्ञान, 1 सामाजिक विज्ञान, 2 भाषा) और प्रति 10 स्कूलों पर 1 जनशिक्षक की नियुक्ति होनी थी, लेकिन सीहोर शिक्षा विभाग की लचर कार्यशैली की वजह से अंतिम तिथि 20 अगस्त बीत जाने के बाद भी प्रक्रिया ठप पड़ी है।

20 दिन बाद भी फाइलों में दबा मार्गदर्शन

प्रक्रिया में आई गंभीर त्रुटियों को लेकर 4 अगस्त को प्रांतीय शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। उस समय विभागीय अधिकारियों ने दावा किया था कि भोपाल स्थित वरिष्ठ कार्यालय से मार्गदर्शन मांगा जा रहा है। विडंबना यह है कि 20 दिन बीत जाने के बाद भी जिला शिक्षा विभाग मार्गदर्शन तक नहीं ले सका, जिससे अफसरों की सुस्ती या मंशा स्पष्ट नजर आ रही है।

शिक्षकों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना ने बताया कि भर्ती में पारदर्शिता का अभाव है और रिक्त पदों की जानकारी तक सार्वजनिक नहीं की गई। इसके अलावा वर्ष 2014 के शिक्षकों की 12 वर्ष की क्रमोन्नति, 2021 के शिक्षकों के लंबित एरियर और जुलाई की वेतनवृद्धि जैसे वित्तीय मामले भी सालों से लटकाए गए हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन धांधलियों और प्रशासनिक देरी का निराकरण नहीं हुआ तो शिक्षक उग्र आंदोलन के लिए सडकों पर उतरने को मजबूर होंगे।

6 से 18 सालों से कुर्सियों पर जमे जनशिक्षक : जिले में पिछले कई वर्षों से नई पदस्थापना न होने के कारण पुराने जनशिक्षक और समन्वयक 6 से 18 सालों से अपनी कुर्सियों पर जमे हुए हैं। नए योग्य शिक्षकों के हक पर डाका डाला जा रहा है और विभागीय साठगांठ के चलते पुराने लोगों को हटाया नहीं जा रहा है।

6 से 18 साल से जनशिक्षक जमे हैं

जनशिक्षक भर्ती में आई त्रुटि को लेकर हमने प्रांतीय शिक्षक संगठन के बैनर तले डीईओ को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था। जिस पर वरिष्ठ कार्यालय से मार्गदर्शन की बात कही थी। इसके साथ ही परामर्शदात्री की बैठक में भी हमने इन बिन्दुओं को पहुंचाया है। जिले में 6 साल पहले जनशिक्षक भर्ती हुई थी, तब से लेकर अब तक नहीं हुई है। जिले में 6 से 18 साल से जनशिक्षक जमे हुए हैं।

संजय सक्सेना, प्रांतीय संगठन जिलाध्यक्ष

आज सुबह 9 बजे सीवन नदी तट से निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा, पुलिस प्रशासन ने किए व्यापक इंतजाम

कुबेरेश्वरधाम पर आस्था का महासागर, अंतिम सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने किया अभिषेक

100 से अधिक सेवा स्टॉल पर होगी भोजन-प्रसादी की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर। देश भर से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु। जिससे तीर्थ से नजर आया शहर।



सीहोर। सीवन तट पर बड़ी संख्या में कांवड़ में जल भरने पहुंचे श्रद्धालु।

सावन मास के अंतिम सोमवार पर कुबेरेश्वरधाम में आस्था का महासागर उमड़ पड़ा। शहर के सीवन नदी तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना की। वहीं मंगलवार को सुबह 9 बजे सीवन नदी के तट से ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन करने वाले लोग भी शामिल होंगे। कांवड़ यात्रा को लेकर सोमवार से ही शहर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई थी। इंदौर-भोपाल मार्ग पर कई बार जाम जैसी स्थिति बनी, जिसे पुलिस और यातायात विभाग के जवानों ने संभाला। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए प्रशासन ने प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन सहित अन्य व्यवस्थाएं की हैं।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने लगाया 25 क्विंटल नुक्ती का भोग

अंतिम सोमवार को अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सुबह कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं के लिए 25 क्विंटल नुक्ती का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण कराया। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था और भारतीय संस्कृति का अद्भुत मिलन है। यह भगवान शिव की सरल और सच्ची भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कांवड़ लेकर भगवान शिव की ओर जाने वाले श्रद्धालु और रास्ते में कांवड़ यात्रियों की सेवा करने वाले सेवादार, दोनों ही भगवान की सेवा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सेवा करना भी पुण्य का कार्य है।

अमेरिका और ब्रिटेन से भी पहुंचे शिवभक्त

आस्था के इस महापर्व में देश ही नहीं, विदेशों से भी श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। अमेरिका और ब्रिटेन सहित अन्य देशों से आए एक दर्जन से अधिक शिवभक्तों ने अंतिम सोमवार को कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर भगवान शिव को एक लोटा जल अर्पित किया और विश्व कल्याण की कामना की। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने उनका स्वागत किया।

100 से अधिक स्थानों पर सेवा शहर के मंदिरों में ठहरेंगे श्रद्धालु

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक पहले से करीब 25 स्थानों पर चाय, नाश्ता और पेयजल की सेवा की जा रही थी। अब 25 और 26 अगस्त को लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए 100 से अधिक स्थानों पर भोजन-प्रसादी के स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर चाय, नाश्ता, फलहारी खिचड़ी, भोजन और पेयजल की व्यवस्था रहेगी। शहर के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी भी सेवा कार्य में जुटे हैं। होटल, धर्मशाला और होम स्टे पहले से फुल हैं। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए शहर के मंदिरों और बड़े भवनों में भी व्यवस्थाएं की गई हैं। सोमवार को करीब तीन लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की जानकारी दी गई। धाम परिसर में करीब दो एकड़ में बनी भोजनशाला से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को भोजन-प्रसादी वितरित की गई।

अखंड हिंद फौज के कार्यकर्ताओं ने संभाली व्यवस्था

आयोजन को व्यवस्थित बनाने में प्रशासन के साथ विठलेश सेवा समिति और अखंड हिंद फौज के सेवाभावी कार्यकर्ता भी जुटे हुए हैं। सुरक्षा, यातायात, श्रद्धालुओं की सहायता और सेवा व्यवस्था में कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

पांच क्विंटल फूलों से होगा बाबा का श्रृंगार और जल से महाभिषेक

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि मंगलवार को कुबेरेश्वरधाम स्थित बाबा का पांच क्विंटल फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सुबह 9 बजे सीवन नदी तट से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा करीब 11 किलोमीटर का सफर तय कर दोपहर में धाम पहुंचेगी। इसके बाद सीवन नदी से लाए गए पवित्र जल से भगवान कुबेरेश्वर महादेव का महाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।



सीहोर। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम जा रहे।

कांवड़ यात्रा को लेकर शहर से लेकर धाम तक भक्ति, सेवा और व्यवस्था का संगम नजर आ रहा है। भगवा रंग में सजे कांवड़िए, गूंजते महादेव के जयकारे और जगह-जगह सेवा में जुटे श्रद्धालु सावन के इस धार्मिक आयोजन को भव्य स्वरूप दे रहे हैं।



सीहोर। कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए गुजरात से आए श्रद्धालु

गुजरात के श्रद्धालु बोले- सेवा ही महादेव की पूजा

कांवड़ यात्रा मार्ग पर गुजरात से आए करीब 35 श्रद्धालुओं का दल भी सेवा में जुटा दिखाई दिया। दल के सदस्यों ने बताया कि वे यात्री बस से कुबेरेश्वरधाम पहुंचे थे। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने रास्ते से गुजरने वाले श्रद्धालुओं और अपने दल के लिए भोजन तैयार करना शुरू किया। सड़क किनारे ही कड़ाई से सब्जी पूड़ी बनाई और राह से गुजरने वालों के साथ स्वयं भी प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं का कहना था कि भगवान की भक्ति केवल मंदिर में पूजा करने तक सीमित नहीं है। कांवड़ लेकर भगवान शिव की ओर बढ़ने वाले और रास्ते में उनकी सेवा करने वाले, दोनों ही महादेव की सेवा कर रहे हैं।

10 से अधिक वॉच टावर, 1200 से ज्यादा जवान तैनात

कांवड़ यात्रा के सफल और सुरक्षित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर में 10 से अधिक वॉच टावर लगाए गए हैं। अधिकारियों के साथ 1200 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने सोमवार को भोजनशाला, शिला परिसर, पार्किंग और श्रद्धालुओं की आवाजाही से जुड़े इंतजामों का जायजा लिया।

पीजी महाविद्यालय में प्रवेश सीटें बढ़ाने की रखी गई मांग

छात्रहित के मुद्दों को लेकर एबीवीपी पीजी कॉलेज अध्यक्ष नीलू राठौर ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय पीजी महाविद्यालय, सीहोर में छात्र-छात्राओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पी.जी. कॉलेज अध्यक्ष नीलू राठौर द्वारा ज्ञापन सौंपकर छात्रहित में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से एनसीसी से जुड़े छात्र-छात्राओं द्वारा एएनओ डॉ. कमलेश मैडम एवं सीनियर छात्र नितिन वर्मा के व्यवहार एवं कार्यप्रणाली को लेकर की जा रही शिकायतों का उल्लेख किया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मामले की निष्पक्ष जांच कर छात्रहित में आवश्यक कार्रवाई की जाए। यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो संबंधित व्यक्तियों को उनकी जिम्मेदारी अथवा दायित्व से हटाने की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही पी.जी. महाविद्यालय में प्रवेश सीटें बढ़ाने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या अधिक है, जिसके कारण अनेक विद्यार्थी प्रवेश से वंचित हो रहे हैं।

ऐसे में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश सीटों में वृद्धि करवाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव एवं कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि उक्त दोनों महत्वपूर्ण छात्रहित के मुद्दों को लेकर पूर्व में भी ध्यान आकर्षित कराया गया है, लेकिन अभी तक इन मामलों में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में छात्र-छात्राओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा प्रवेश सीटों में वृद्धि की दिशा में शीघ्र कदम उठाने की मांग की गई है। एबीवीपी पी.जी. कॉलेज अध्यक्ष नीलू राठौर ने कहा कि विद्यार्थियों से जुड़े इन मुद्दों का निराकरण छात्रहित में किया जाना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की कि दोनों विषयों पर शीघ्र उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मानसून सक्रियः बुधनी में 2.05 इंच बारिश रिकॉर्ड, अब तक जिले में 27.70 इंच वर्षा, अगले 48 घंटे मध्यम से भारी बरसात का अनुमान

सीहोर। जिले में मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। सोमवार को जिले में औसतन 0.38 इंच बारिश दर्ज की गई। इस दौरान बुधनी क्षेत्र में सर्वाधिक 2.05 इंच वर्षा हुई।

अन्य क्षेत्रों में भैरूंदा में 0.71 इंच, श्यामपुर में 0.22 इंच और सीहोर शहर में 0.08 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। हालांकि, आष्टा, जावर, इच्छावर और रेहटी में इस दिन कोई बारिश दर्ज नहीं हुई।

मानसून सीजन की शुरुआत 1 जून से 24 अगस्त तक जिले में कुल औसतन 27.70 इंच बारिश हो चुकी है। पिछले साल इसी अवधि में 31.63 इंच वर्षा दर्ज की गई थी। इस सीजन में अब तक सीहोर में 32.99 इंच, रेहटी में 31.41 इंच, बुधनी में 29.13 इंच, भैरूंदा में 28.94 इंच, इच्छावर में 26.02 इंच, आष्टा में 26.18 इंच,



श्यामपुर में 25.51 इंच और जावर में 21.46 इंच कुल बारिश दर्ज की गई है।

अगले 48 घंटों में बारिश का अनुमान : मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र और मध्य प्रदेश से गुजर रही ट्रफ लाइन के कारण जिले में नमी बनी हुई है, जिससे रुक-रुक कर बौछारें पड़ रही हैं। विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान जिले के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है। आने वाले दिनों में मानसून की गतिविधि और तेज हो सकती है।

खबर संक्षेप



डाकघरों में अवकाश के दिन भी होगी राखी की बुकिंग और वितरण

सीहोर। भाई-बहन के पवित्र एवं स्नेहपूर्ण पर्व रक्षाबंधन को देखते हुए राखियों के सुरक्षित एवं त्वरित परिवहन तथा वितरण के लिए डाक विभाग द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में सीहोर डाक संभाग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख डाकघरों में अवकाश के दिन भी राखी बुकिंग एवं वितरण का कार्य किया जाएगा। विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 26 अगस्त बुधवार को अवकाश होने के बावजूद सीहोर प्रधान डाकघर, राजगढ़ प्रधान डाकघर, आष्टा उपडाकघर एवं ब्यावरा उपडाकघर में राखी की बुकिंग एवं वितरण सेवाएं संचालित रहेंगी। इस विशेष व्यवस्था का उद्देश्य रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों द्वारा अपने भाइयों को समय पर राखी भेजने की सुविधा उपलब्ध कराना है। बहनें अवकाश के दिन भी संबंधित डाकघरों में पहुंचकर अपने भाइयों के लिए राखी बुक करा सकती हैं। डाक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे रक्षाबंधन के अवसर पर राखी को सुरक्षित एवं समय पर भेजने के लिए डाकघर की सेवाओं का लाभ उठाएं। विभाग द्वारा राखियों के त्वरित परिवहन एवं वितरण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश का अंतिम अवसर

सीहोर। सीहोर के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में अनुसूचित जाति की छात्राओं के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग के अंतर्गत निःशुल्क प्रवेश एवं अन्य छात्राओं को सशुल्क प्रवेश का अंतिम अवसर है। कॉलेज में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में कॉलेज लेवल काउंसलिंग के माध्यम से 20 अगस्त से पुनः निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार रिक्त सीटों के भरने तक अथवा 14 सितम्बर तक जो भी पहले हो तक संचालित रहेगी। प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने बताया कि पात्र छात्राओं के लिए प्रवेश का यह एक उत्कृष्ट एवं अंतिम अवसर है। इच्छुक छात्राएं निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन कराने के उपरांत कॉलेज लेवल काउंसलिंग में भाग लेकर रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकती हैं।

गरीब-आदिवासी परिवारों को निजी क्लीनिक का लेना पड़ रहा सहारा

एक डॉक्टर के भरोसे 40 गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था, इलाज के लिए करते घंटों इंतजार

सेक्टर डॉक्टर 25 दिनों से छुट्टी पर, रोजाना सैकड़ों मरीज परेशान, ओपीडी और इमरजेंसी की जिम्मेदारी एक ही डॉक्टर पर







हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान और क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव की बुधनी विधानसभा क्षेत्र की तहसील भैरूंदा में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी के चलते करीब 35 से 40 गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था एक डॉक्टर के भरोसे चल रही है। अस्पताल में पदस्थ सेक्टर डॉक्टर के करीब 25 दिनों से छुट्टी पर होने के कारण ओपीडी और इमरजेंसी की जिम्मेदारी फिलहाल एक ही डॉक्टर संभाल रहे हैं। इसका सीधा असर दूरदराज से इलाज के लिए आने वाले मरीजों पर पड़ रहा है।

सोमवार को तीन घंटे इंतजार के बाद शुरू हुआ इलाज

सोमवार को लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह से ही मरीजों की भीड़ जमा थी। छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को लेकर ग्रामीण अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टर के समय पर उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों के अनुसार करीब 11 बजे डॉक्टर राज मीणा ओपीडी में पहुंचे, इसके बाद मरीजों की जांच और उपचार शुरू हो सका। लंबे इंतजार के कारण अस्पताल परिसर में मरीजों की भीड़ लगी रही।

ग्रामीणों का कहना है कि दूरदराज के गांवों से लोग सुबह ही सरकारी अस्पताल पहुंच जाते हैं। कई मरीजों को आने-जाने में ही घंटों लग जाते हैं, ऐसे में अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर का इंतजार करना उनकी परेशानी को और बढ़ा देता है।

ओपीडी के साथ इमरजेंसी की जिम्मेदारी भी एक डॉक्टर पर

जानकारी के अनुसार लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सेक्टर डॉक्टर महेश कुमार पांडेय करीब 25 दिनों से छुट्टी पर हैं। उनके छुट्टी पर रहने के कारण डॉक्टर राज मीणा पर ओपीडी के साथ इमरजेंसी सेवाओं की जिम्मेदारी भी है। एक ही डॉक्टर के भरोसे दोनों व्यवस्थाएं संचालित होने से मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में परेशानी होना स्वाभाविक है। अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में एक डॉक्टर द्वारा ओपीडी और इमरजेंसी दोनों संभालना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी समय इमरजेंसी मरीज आ जाए तो ओपीडी में बैठे अन्य मरीजों को उपचार के लिए और अधिक इंतजार करना पड़ सकता है।

ग्रामीण बोले—व्यवस्था सुधरे, डॉक्टरों की संख्या बढ़े : ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त डॉक्टरों की पदस्थापना की जाए। उनका कहना है कि 35 से 40 गांवों की आबादी के लिए एक डॉक्टर पर्याप्त नहीं है। ओपीडी और इमरजेंसी के लिए अलग-अलग डॉक्टरों की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार नहीं करना पड़े।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाड़कुई पर 35 से 40 गांवों के ग्रामीण निर्भर

लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाड़कुई सहित आसपास के करीब 35 से 40 गांवों के ग्रामीण इलाज के लिए निर्भर हैं। क्षेत्र में बड़ी संख्या में गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार रहते हैं। सरकारी अस्पताल में कम खर्च में उपचार मिलने की उम्मीद लेकर ग्रामीण यहां पहुंचते हैं। डॉक्टरों की कमी के कारण उन्हें समय पर उपचार नहीं मिल पाने से परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर नहीं होने के कारण कई मरीज मजबूरी में निजी क्लीनिकों का रुख करते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर निजी उपचार का अतिरिक्त खर्च पड़ता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कथित झोलाछाप चिकित्सकों से उपचार कराने का जोखिम भी बढ़ जाता है।

सीबीएमओ बोले- डॉक्टर 25 दिन से छुट्टी पर गए हैं

इस मामले में सीबीएमओ मनीष सारस्वत ने बताया कि सेक्टर डॉक्टर महेश कुमार पांडेय करीब 25 दिनों से छुट्टी पर हैं। फिलहाल डॉक्टर राज मीणा ओपीडी और इमरजेंसी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं तथा 24 घंटे सेवा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टर महेश कुमार पांडेय के छुट्टी पर जाने और उनकी वापसी को लेकर विभाग के पास स्पष्ट लिखित जानकारी उपलब्ध नहीं है।

वहीं सेक्टर डॉक्टर महेश कुमार पांडेय ने बताया कि उन्होंने जिला स्वास्थ्य विभाग को छुट्टी के संबंध में लिखित जानकारी दी है। वे वर्तमान में छुट्टी पर हैं और रक्षाबंधन के त्योहार के बाद ड्यूटी पर वापस लौटेंगे।

पोस्टर व नुक्कड़ नाटक से सांदीपनि स्कूल में जल संरक्षण का संदेश दिया, विद्यार्थियों ने लिया पानी बचाने का संकल्प

भैरूंदा। सांदीपनि विद्यालय, भैरूंदा में एसीएमओ वाटर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जल संरक्षण एवं जल के सदुपयोग को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पानी के महत्व, जल की बर्बादी रोकने तथा जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल की प्रत्येक बूंद बचाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने जल संरक्षण विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पानी की बर्बादी रोकने और लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। संस्था की टीम ने भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण की आवश्यकता बताई। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



सिंचाई परियोजना और आधुनिक तकनीक की दी जानकारी : कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जल संसाधन विभाग द्वारा भैरूंदा तहसील में संचालित किसान हितैषी सिप एम्बर प्रथम एवं द्वितीय सिंचाई परियोजना की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। विद्यार्थियों को आधुनिक सिंचाई प्रणाली तथा ओएमएस (आउटलेट मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से सिंचाई जल के उचित प्रबंधन, नियंत्रण एवं मापन की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। परियोजना से जुड़ी विजय कुमार मिश्रा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड एवं एलसीसी एजेंसी की भूमिका की जानकारी भी दी गई।

पोस्टर प्रतियोगिता में दिखी विद्यार्थियों की रचनात्मकता : जल संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों ने पोस्टर तैयार कर पानी बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बैग एवं टोपी वितरित की गई। नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रस्तुति एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य गणेश यादव, मिडिल स्कूल प्रधानाध्यापक मोहम्मद शबीर खान, महेश वर्मा, रघुवीर सिंह राजपूत, सचिन त्रिवेदी, संगीता लोधी सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। एसीएमओ वाटर टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से निदेशक चैतन्य कृष्णा, व्यवसाय प्रमुख शिशिर श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

रात में सड़क पर बैठी गायें अब दूर से चमकेंगी करीब 400 गोवंश के गले में बांधे रेडियम पट्टे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर की सड़कों पर घूमने वाले गोवंश से हादसों का खतरा बना रहता है। खासकर रात में अंधेरे के कारण सड़क पर बैठी या घूमती गायें वाहन चालकों को नजर नहीं आतीं। इससे बचाव के लिए गोसेवकों ने अनूठी पहल शुरू की है। अभियान के तहत अब तक करीब 400 गायों के गले में रेडियम युक्त सुरक्षा पट्टे बांधे जा चुके हैं।



गोसेवकों के अनुसार वाहनों की हेडलाइट पड़ते ही रेडियम पट्टे दूर से चमकने लगते हैं। इससे वाहन चालक सड़क पर मौजूद गोवंश को समय रहते देख सकेंगे और गति नियंत्रित कर दुर्घटना से बच सकेंगे। यह पहल गोवंश के साथ वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। गोसेवक दीपक शर्मा, विशाल, दीपेश, सुजल पंवार, रितेश पंवार, राकेश पंवार ने बताया कि 20 लोगों की टीम जगह-जगह घूमकर सड़कों पर बैठे गोवंश के गले में रेडियम पट्टे बांध रही है। अभियान लगातार जारी रहेगा और नगर में घूमने वाले अधिक से अधिक गोवंश को पट्टे पहनाने का लक्ष्य है।

गो शा ला ओं तक पहुंचाने की भी मांग गोसेवकों ने नगर परिषद और प्रशासन से आवारा गोवंश के स्थायी प्रबंधन की मांग की है। उनका कहना है कि गोवंश को सुरक्षित गोशालाओं तक पहुंचाने की ठोस व्यवस्था हो। समाज और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से गोवंश की सुरक्षा के साथ सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी लाई जा सकती है। लोगों ने भी रेडियम पट्टों को तत्काल सुरक्षा के लिए व्यावहारिक उपाय बताया।

सावन एकादशी पर धार्मिक आयोजन, राधा-कृष्ण बने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



भैरूंदा। सावन एकादशी के पावन अवसर पर सेवा भारती नगर भैरूंदा द्वारा शुभम कॉन्वेंट स्कूल परिसर में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, सखी-सहेली मिलन, सावन झूला उत्सव, वृक्षारोपण एवं ग्रीन क्वीन प्रतियोगिता आयोजित हुई। नगर की मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम स्थल पर राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी और सेल्फी प्वाइंट भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मातृ शक्तियों ने भजन एवं सावन गीतों पर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला सेवा प्रमुख सेवा भारती पारस वर्मा, नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, राधिका जैमिनी, नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर, मांगीलाल खंडेलवाल, गोविंद माहेश्वरी, तुलसीराम, पूनम शर्मा, गौरी जादौन, सरिता वर्मा, शक्ति शर्मा एवं उमा शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। राधिका जैमिनी ने मातृ शक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपराओं से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के मोबाइल उपयोग को सीमित करने, उनकी गतिविधियों पर ध्यान देने तथा बेटियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आयोजित ग्रीन क्वीन प्रतियोगिता में मातृ शक्तियों ने हरे रंग के परिधानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पूजा बैरागी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ग्रीन क्वीन का खिताब अपने नाम किया, जबकि छाया अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। सेवा भारती के विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए महिलाओं से समाजसेवा से जुड़ने का आह्वान किया गया। अंत में नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने सभी अतिथियों एवं मातृ शक्तियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम भक्तिमय एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

दूधी नदी को संवारने और कचरे के सदुपयोग पर होगा संवाद



कुरावर। ग्रामीण जीवन से जुड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों के वैज्ञानिक समाधान और नई तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग को लेकर 26 अगस्त को कुरावर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। शासकीय माध्यमिक विद्यालय में सुबह 11 बजे से होने वाले इस आयोजन में दूधी नदी संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन मुख्य विषय रहेंगे। कार्यक्रम में 400 से अधिक ग्रामीणों के साथ वैज्ञानिक, रिसर्च स्कॉलर्स, प्रोफेसर और विषय विशेषज्ञ भाग लेंगे। प्रशिक्षण में ग्रामीणों को बताया जाएगा कि खेतों से निकलने वाली नरवाई, गोबर तथा घरेलू कचरे का उचित प्रसंस्करण कर इन्हें उपयोगी सामग्री और आय के साधन में कैसे बदला जा सकता है। कचरे के अलग-अलग वर्गीकरण, पुनर्चक्रण और जैविक अपशिष्ट के उपयोग जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी। इससे स्वच्छता के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी। दूधी नदी को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए नदी तक पहुंचने वाले अपशिष्ट की रोकथाम, जलस्रोतों की देखरेख और सामुदायिक स्तर पर संरक्षण की कार्ययोजना पर विशेषज्ञ विचार साझा करेंगे। उद्देश्य नदी संरक्षण को केवल अभियान न बनाकर ग्रामीणों की नियमित गतिविधियों से जोड़ना है। कार्यक्रम के संयोजक वैज्ञानिक एवं पर्यावरणविद् डॉ. राजकुमार मालवीय हैं। वे ग्रामीणों को शिक्षा, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए विज्ञान आधारित प्रशिक्षण की पहल कर रहे हैं। उनका जोर स्थानीय संसाधनों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उपयोगी और टिकाऊ मॉडल विकसित करने पर है। कुरावर ग्राम पंचायत के सरपंच राधेश्याम मंडलोई ने बताया कि आयोजन में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम का आयोजन मां हिंगलाज सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भवन भोपाल प्रायोजक और कर्मयोगी जनकल्याण केंद्र, शाखा जावर सहयोगी संस्था है।

कांवड़ यात्रा ग्राम हीरापुर और चंदेरी से होते हुए कुलसी नदी पहुंची

देसी कांवड़ यात्रा में दिखी आस्था और संस्कृति मिट्टी के मटकों में जल लेकर पहुंचे शिव मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सावन सोमवार के अंतिम दिन भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और अपनी पुरातन ग्रामीण परंपरा एवं संस्कृति को जीवंत रखने के उद्देश्य से सीहोर जिले के ग्राम हीरापुर और ग्राम चंदेरी के किसानों ने मिलकर देसी कांवड़ यात्रा निकाली। किसानों ने पारंपरिक मिट्टी के मटकों में कुलसी नदी का जल भरकर भगवान शिव को अर्पित किया और क्षेत्र में अच्छी वर्षा एवं फसलों की अच्छी पैदावार की कामना की।

किसानों की यह देसी कांवड़ यात्रा ग्राम हीरापुर और चंदेरी से होते हुए कुलसी नदी पहुंची। यहां किसानों ने मिट्टी के मटकों में नदी का जल भरा। इसके बाद किसान पारंपरिक कांवड़ के माध्यम से जल लेकर शिव मंदिर पहुंचे, जहां भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। इस यात्रा की खास बात यह रही कि किसानों ने आधुनिक साधनों के बजाय पारंपरिक मिट्टी के मटके, बांस की लकड़ी और रस्सी से तैयार की गई देसी कांवड़ का उपयोग किया। किसानों की यह पहल ग्रामीण जीवन की सादगी, संस्कृति और पुरातन परंपराओं के प्रति उनके जुड़ाव को दर्शाती नजर आई।

किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने कहा कि भगवान शिव के प्रति किसानों की गहरी आस्था है। इसी आस्था और अपनी पुरानी परंपरा को कायम रखने के उद्देश्य से ग्राम हीरापुर और चंदेरी के किसानों ने देसी कांवड़ यात्रा निकालने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मिट्टी के मटके और बांस से तैयार कांवड़ हमारी ग्रामीण संस्कृति और सादगी की पहचान है। इस परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना भी जरूरी है।

उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जलाभिषेक के दौरान किसानों ने अच्छी वर्षा और सभी फसलों की अच्छी पैदावार के लिए प्रार्थना की। किसानों ने भगवान शिव से गन्ना, मक्का, गेहूं, धान, सोयाबीन और मूंगफली सहित अन्य फसलों की अच्छी पैदावार की कामना की। एमएस मेवाड़ा ने कहा कि वर्तमान में महंगाई का असर हर परिवार पर पड़ रहा है।

रक्षाबंधन का पर्व भी नजदीक है और शक्कर सहित खाद्य सामग्री के दाम बढ़े हुए हैं। यदि किसानों की फसलों की अच्छी पैदावार होती है तो उत्पादन बढ़ेगा और इससे बाजार में महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अच्छी फसल और पर्याप्त उत्पादन किसानों के साथ-साथ आम जनता के लिए भी राहत लेकर आएगा। किसानों ने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में पर्याप्त बारिश होने, फसलों की अच्छी पैदावार होने तथा किसान परिवारों को आर्थिक संकट से राहत मिलने की सामूहिक प्रार्थना की। देसी कांवड़ यात्रा के माध्यम से किसानों ने जहां अपनी धार्मिक आस्था व्यक्त की, वहीं माटी, खेती और ग्रामीण संस्कृति से अपने गहरे जुड़ाव का संदेश भी दिया।

बालिकाओं की दी गई गुड टच और बेड टच की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन पर शिकायत की प्रक्रिया भी बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



महिला एवं बाल विकास विभाग के वन स्टॉप सेंटर द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत सीहोर के शासकीय मनुबेन सांदीपनि स्कूल में बालिका जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक, काउंसलर और केस वर्कर द्वारा बालिकाओं को गुड टच एवं बेड टच के बारे में जानकारी दी गई।

इसके साथ ही बच्चों को लिए संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर इसकी शिकायत के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चियों को बालिका सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशासक निधि शर्मा, काउंसलर रोशनी राठौर, केस वर्कर राधिका शर्मा और प्रियंका दोहरे सहित शिक्षक एवं बालिकाएं उपस्थित थी।

बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा

पुत्रदा एकादशी पर खाटू धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, दूर-दूर से निशान लेकर पहुंचे हजारों श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

मालवा के प्रसिद्ध श्री खाटू धाम मंदिर में पुत्रदा एकादशी के अवसर पर रविवार को बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु पैदल निशान यात्रा लेकर मंदिर पहुंचे और लंबी कतारों में लगकर बाबा श्याम के दर्शन किए। पुत्रदा एकादशी पर खुजनेर की सड़कों पर सुबह से ही श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर पैदल चलते नजर आए सुस्तानी, भंडावद, चातुखेड़ा, बखेड़ सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए निशान यात्राओं के साथ खाटू धाम पहुंचे रास्तेभर बाबा श्याम के जयकारों और भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

मंदिर समिति के अनुसार, पुत्रदा एकादशी के अवसर पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भी दिनभर चहल-पहल बनी रही। भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा श्याम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

समिति ने बांटी 500 किलो फरियाली चिप्स

श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मंदिर समिति की ओर से करीब 500 किलो फरियाली चिप्स का प्रसाद वितरण किया गया के पुत्रदा एकादशी पर खुजनेर नगर बाबा श्याम की भक्ति में रंगा नजर आया देर शाम तक जगह-जगह श्याम भजनों और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही श्री खाटू श्याम का भव्य आकर्षक श्रृंगार एवं महाआरती की गई।

पुत्रदा एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का एक लाख भक्तों ने किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज. ब्यावरा। सावन मास की पुत्रदा एकादशी के अवसर पर रविवार को शहर के उत्तर दिषा में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर समिति के अनुसार, दिनभर में एक लाख से अधिक भक्तों ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर 'जय श्री श्याम' और 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयकारे गूंजते रहे।

भगवान विष्णु को समर्पित मानी जाती है पुत्रदा एकादशी

श्रावण शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी का धार्मिक महत्व विशेष है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। श्रद्धालु संतान सुख, संतान के कल्याण और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से यह व्रत रखते हैं। पुत्रदा एकादशी के अवसर पर श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगला आरती के साथ ही दर्शन का क्रम प्रारंभ हो गया। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिनभर लगी रहीं। बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया और मंदिर में भव्य दरबार सजाया गया था। बाबा का श्रृंगार और मंदिर की आकर्षक सजावट उज्जैन से मंगवाए गए लगभग 51 किलो ताजे फूलों से की गई थी। रंग-बिरंगी रोशनी और विद्युत सज्जा से मंदिर परिसर की भव्यता बढ़ गई थी। दर्शन के साथ ही श्रद्धालु भजन-कीर्तन में शामिल हुए और अपनी मनोकामनाएं बाबा के चरणों में अर्पित कीं। पुत्रदा एकादशी के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों और आसपास के गांवों से निशान यात्राएं निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे। इन यात्राओं में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बाबा के निशान लेकर पंहुचे भक्तों ने किया अर्पित

हाथों में निशान लिए श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के जयकारे लगाए और मंदिर पहुंचकर उन्हें अर्पित किया। कई भक्त संतान सुख, संतानों के उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना के साथ बाबा के दरबार में पहुंचे थे। श्रद्धालुओं की भारी संख्या के मद्देनजर मंदिर समिति, पुलिस, प्रशासन, नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभालीं। दर्शन के लिए कतार व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यातायात को सुचारु बनाए रखने हेतु विशेष इंतजाम किए गए थे। मंदिर और आसपास के प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मी तथा स्वयंसेवक तैनात रहे।

सड़क निर्माण का भूमि पूजन

सुठालिया रोड व मन्नत सिटी की कनेक्टिविटी होगी बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



ब्यावरा नगर विकास को गति देने की दिशा में ब्यावरा नगर पालिका द्वारा एक और महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। नगर के वार्ड 10 में क्लब ग्राउंड के पीछे से सुठालिया रोड और मन्नत सिटी को जोड़ने वाली सड़क का विधिवत भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की।

प्रस्तावित सड़क के निर्माण से क्लब ग्राउंड के पीछे का क्षेत्र सीधे सुठालिया रोड और मन्नत सिटी से जुड़ जाएगा। इससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही आसपास के रहवासी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। सड़क बनने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन के लिए वैकल्पिक और सुविधाजनक मार्ग भी उपलब्ध होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद इकबाल हुसैन, अजय ठाकुर, सूरज दांगी, नीरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पवन कुशवाह ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। बेहतर सड़कें और मजबूत कनेक्टिविटी शहर के विकास की आधारभूत जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद वार्ड 10 के रहवासियों के साथ आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को भी इसका लाभ मिलेगा। स्थानीय नागरिकों ने भी सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका कहना है कि इस सड़क के बनने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। नगर में सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों के क्रम में यह निर्माण कार्य वार्ड 10 के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सड़क के निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होने के साथ भविष्य में होने वाले विकास कार्यों के लिए भी बेहतर आधार तैयार होगा।



बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बिजली विभाग की मनमानी के चलते ग्रामीणों ने परेषानियों का सामना करते-करते आखिर गुस्ता फूटकर हाईवे पर आ पहुंचा और बाईहेड़ा जोड पर नरसिंहगढ़-ब्यावरा हाईवे जाम कर दिया। नाराज बाईहेड़ा, बरखेड़ी सहित 3-4 गांवों के ग्रामीणों ने रविवार को नरसिंहगढ़-ब्यावरा हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना सूचना के घंटों तक बिजली काट दी जाती है। ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर हाईवे जाम कर दिया। देखते ही देखते हाईवे के दोनों ओर ट्रक, बस और कंटेनरों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से अघोषित बिजली कटौती हो रही है, खेतों की मोटरें नहीं चल पा रही हैं और घरों में अंधेरा पसरा है। कई बार शिकायत के बाद भी विभाग सुनवाई नहीं कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीण बिजली विभाग के अधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस के समझाने पर भी ग्रामीण जाम खोलने को तैयार नहीं हुए। स्थिति को देखते हुए मौके पर 4 थानों का पुलिस बल तैनात करना पड़ा। आखिरकार विद्युत विभाग के डीजीएम ब्यावरा, तहसीलदार नरसिंहगढ़ और पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण माने। अधिकारियों ने जल्द ही लाइट जोड़ने और निर्बाध बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम खोला गया और वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी।

मारुति नंदन मंदिर में नटराज प्रतिमा का भव्य अनावरण



नरसिंहगढ़। नगर के प्रमुख मारुति नंदन मंदिर परिसर में रविवार को भगवान नटराज की भव्य प्रतिमा का अनावरण विधायक मोहन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रतिमा ओमकार सेवा मंडल द्वारा मंदिर को भेंट की गई है। अनावरण के साथ ही मंदिर परिसर के बगीचे में लगाए गए झूलों का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंदिर के निर्माण एवं आगामी विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि मारुति नंदन मंदिर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के लिए आस्था, शांति एवं आनंद का प्रमुख केंद्र है। मंदिर परिसर के विकास से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष संजय भावसार, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, शिव वैध सहित मंदिर समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बाजार मूल्य के मान से लाखों की कीमती जमीन कब्जे में, पटवारी बोले रेशम केंद्र की है जमीन

आनंद विहार में कॉलोनाइजर ने शासकीय जमीन से बनाया रास्ता



इनका कहना है...

आपके द्वारा जानकारी मिली है पटवारी को भेज कर जांच करवाता हूं, अगर किसी गलत पाया गया तो दोषियों पर कार्रवाही की जाएगी।
-कपिल शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर में इन दिनों अवैध व वैध कालोनियों का मकड़ जाल बन रहा है इन कालोनियों को विकसित करने एवं अनुमति देने के लिए अनेक आवश्यक दस्तावेज की जरूरत होती है। दस्तावेज के राजस्व विभाग भौतिक सत्यापन भी करता है तब कहीं जाकर कालोनी की परमिशन होती है लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि नगर के वार्ड 18 में आगर रोड पर विकसित की जा रही आनंद विहार कॉलोनी को किस आधार पर स्वीकृति दी गई यह समझ से परे है। इस कालोनी को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी तक पहुंचने के लिए रेशम विभाग की शासकीय जमीन से रास्ता निकाल दिया गया है। बिना अनुमति शासकीय भूमि का उपयोग किए जाने के आरोपों के बाद अब कॉलोनी की विकास अनुमति और संबंधित विभागीय प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्रशासन की साठगाठ से रेशम विभाग की जमीन पर बनाया रास्ता

आगर रोड पर आनंद विहार कॉलोनी का निर्माण कार्य चल रहा है। कॉलोनी के सामने रेशम विभाग की जमीन स्थित है। आरोप है कि इसी जमीन के हिस्से से कॉलोनाइजर ने कॉलोनी के लिए रास्ता तैयार कर लिया। मौके पर रास्ते के निर्माण के साथ मुरम मिट्टी सहित अन्य सामग्री भी दिखाई दे रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि शासकीय जमीन का उपयोग रास्ते के लिए किया गया है तो इसके लिए अनुमति किस ने दी। या फिर प्रषासन की आपसी साठगांठ से ही कालोनाइजर ने रास्ता निकाल दिया। स्थानीय स्तर पर यह भी सवाल उठ रहे हैं कि यदि कॉलोनी के लिए निजी रास्ता उपलब्ध नहीं था, तो कॉलोनाइजर को विकास अनुमति किस आधार पर मिली। कॉलोनी विकास के लिए निर्धारित मापदंडों और आवश्यक सुविधाओं की जांच के बाद ही अनुमति दिए जाने का प्रावधान है। ऐसे में अब संबंधित विभाग की भूमिका भी जांच के दायरे में आ सकती है।

कॉलोनी के लिए बनाया रास्ता निजी नहीं

इस संबंध में जब हल्का पटवारी राधेश्याम भिलाला से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि कॉलोनी का रास्ता निजी नहीं है। जिस जमीन से कॉलोनाइजर ने सड़क निकाली है, वह रेशम विभाग की जमीन है। पटवारी के इस बयान के बाद मामला और गंभीर हो गया है। अब सवाल यह है कि शासकीय जमीन से रास्ता निकालने के लिए कॉलोनाइजर द्वारा संबंधित विभाग से अनुमति ली गई थी या नहीं। यदि अनुमति नहीं ली गई है तो प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है, यह देखने वाली बात होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे मामले की राजस्व विभाग एवं संबंधित विभाग द्वारा मौके पर जांच कर देखना चाहिए। साथ ही कॉलोनी की विकास अनुमति, नक्शे और शासकीय भूमि के उपयोग से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच होनी चाहिए, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। वहीं पूर्व में भी इस कॉलोनी की शिकायत हुई थी और तत्कालीन तहसीलदार ने रेशम विभाग की जमीन कालोनाइजर से मुक्त कराकर नाली खुदवा दी थी लेकिन उसके बाद भी कालोनाइजर ने रास्ता निकाला लिया।

पत्नी की हत्या करने वाले दोषी को आजीवन कारावास



राजगढ़। जिले के खुजनेर थाना में दर्ज किए गए आपराधिक प्रकरण में जिला न्यायालय में पदस्थ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश लखनलाल गोस्वामी ने अपने न्यायालय के प्रकरण में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त प्रखर उपाध्याय निवासी खुजनेर को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है। अभियोजन की ओर से प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक /उपनिदेशक अभियोजन आलोक श्रीवास्तव के द्वारा की गई। जिसमें बताया कि गया दिनांक 04.03.24 को फरियादी गौतम दुबे ने थाना खुजनेर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी भांजी वंदना की शादी 3 साल पहले खुजनेर के प्रखर उपाध्याय से की थी। उसके बाद से ही प्रखर और वंदना के बीच लडाई झगडे चल रहे थे। 8 महीने पहले दोनों के बीच लडाई हुई थी तो मेरे दामाद उदयभानु और वहन रेखा खुजनेर आये और आपसी समझाईस देकर वंदना को उसके ससुराल खुजनेर छोड कर चले गए। उसके बाद रात्रि में मोबाइल चलाने की बात पर पत्नि ने आरोपी को टोका टाकी की थी जिसके कारण गुस्से में आकर उसने लोहे की राड से पत्नि वंदना के सिर में 3 बार मारी वह पलंग पर ही गिर गई उठाने की कोशिश की नही उठी तो एयर पिस्टल से पत्नि के ऊपर फायर कर दिया। अभियुक्त प्रखर ने लोहे की राड एयर पिस्टल, कपडे और चादर के विषय में जानकारी दी थी जिन्हें अभियुक्त प्रखर के कमरे की छान(स्वजि) तथा पलंग के नीचे से जप्त किया गया। न्यायालय के समक्ष अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने लिखित बहस प्रस्तुत करते अपने तर्क प्रस्तुत किये और माननीय न्यायालय का ध्यान आकृष्ट कराया कि अभियोक्त्री को बेडरूम में बंदूक से फायर कर मार दिया था बेडरूम में केवल दोनों (अभियुक्त पति और मृतिका पत्नि) मौजूद थे इस कारण प्रकरण पूर्णतः परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर आधारित है जिसे अभियोजन ने न्यायालय के समक्ष संदेह से परे प्रमाणित किया है। जिसके आधार पर न्यायालय द्वारा अभियुक्त प्रखर उपाध्याय को धारा 302 भादवि हत्या के अपराध में आजीवन कारावास और 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

नए पुल निर्माण के चलते जय नगर चौराहा पर लगा जाम



सारंगपुर। पुराने एबी रोड पर नए पुल के निर्माण कार्य के चलते जय नगर चैराहा इन दिनों यातायात अव्यवस्था का केंद्र बन गया है। निर्माण कार्य के कारण सड़क का बड़ा हिस्सा प्रभावित होने से वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। रविवार को यहां हालात इतने बिगड़ गए कि सैकड़ों वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे। जाम में एम्बुलेंस सहित बस, कार, ट्रैक्टर, दोपहिया और अन्य वाहन भी फंसे नजर आए। मौके की तस्वीरें यातायात व्यवस्था की बदहाल स्थिति को बयां कर रही हैं। निर्माण स्थल पर न तो पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम दिखाई दे रहे हैं और न ही यातायात को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। लोगों का आरोप है कि पुल निर्माण कंपनी द्वारा यातायात व्यवस्था संभालने के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि जाम में एम्बुलेंस के फंसने से आपात स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो सकता है। सलोगों ने मांग की है कि निर्माण स्थल पर तत्काल सुरक्षा गार्ड एवं यातायात कर्मियों की तैनाती की जाए तथा वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए, ताकि निर्माण कार्य के दौरान आमजन को परेशानी न हो।

बिजली व समस्याओं को लेकर दिग्विजय सिंह से मिले



हरिभूमि न्यूज.सारंगपुर। क्षेत्रीय जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मांग को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन के नेतृत्व में मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र में लगातार गहराते संकटों और आम जनता को हो रही परेशानियों से उन्हें अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव कमल सिंह राणा के साथ दीपक कुमार प्रजापति और दिनेश पुरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि सारंगपुर क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीण और शहरी जनता बेहाल है। इससे घरेलू कामकाज के साथ-साथ व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। किसानों को प्राकृतिक आपदा और मौसम की मार से हुए नुकसान का अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। प्रतिनिधिमंडल ने फसल बीमा योजना का लाभ जल्द से जल्द किसानों के खातों में ट्रांसफर करने की मांग उठाई। कई इलाकों में पीने के पानी की भारी किल्लत है। जल संकट के कारण लोगों को दूर-दूर से पानी लाने पर मजबूर होना पड रहा है। प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद दिग्विजय सिंह ने आश्वासन दिया कि इन सभी ज्वलंत मुद्दों को शासन-प्रशासन के सामने मजबूती से उठाया जाएगा और जनता को राहत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

भाजपा पार्षद चंद्रशेखर का हृदय गति रुकने से निधन



माचलपुर। नगर के भाजपा पार्षद चंद्रशेखर मारू का शनिवार रात हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात चंद्रशेखर मारू ने सीने में हल्के दर्द की शिकायत की थी। परिजन उन्हें उपचार के लिए नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें झालावाड़ रेफर कर दिया। झालावाड़ ले जाते समय रास्ते में ही उन्होने ने दम तोड दिया। चंद्रशेखर मारू मृदुभाषी, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी और समाजसेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते थे। वे नगरवासियों के सुख-दुख में सदैव सहभागी रहते थे। उनके आकस्मिक निधन से परिवारजनों के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों में गहरा शोक व्याप्त है। रविवार सुबह स्थानीय मुक्तिधाम पर गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र ऋषभ मारू ने मुखाग्नि दी। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक हजारीलाल दांगी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और नगरवासी उपस्थित रहे।

लोधा-लोधी समाज ने निकाली वाहन रैली, हनुमान टेकरी से हुई शुरुआत

वीरांगना अवंती बाई की जयंती उत्साह के साथ मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के लोधा लोधी समाज द्वारा आज वीरांगना अवंती बाई लोधी की जन्म जयंती उमंग और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर रविवार को विशाल वाहन रैली स्थानीय हनुमान टेकरी से शुरू हुई, जो कुसमोदा क्षेत्र में स्थित समाज की धर्मशाला पहुंच कर समाप्त हुई। जहां मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार शहर सहित आसपास के अंचल से लोधा लोधी समाज के विशेषकर युवाओं का एकत्रीकरण सुबह से ही श्री हनुमान टेकरी पर होता रहा, जहां से दोपहर में विशाल जलूस शुरू हुआ। बैंड बाजों की धुन पर शुरू हुए जुलूस में आगे-आगे एक खुले वाहन पर वीरांगना अवंती बाई लोधी के चित्र रूप में चल रही थीं, इसी खुले वाहन में समाज की एक युवती भी वीरांगना का रूप धारण कर चल रही थी। इस वाहन के पीछे बड़ी संख्या में समाज के युवा दो पहिया वाहनों पर सवार होकर उमंग और उत्साह के साथ चल रहे थे। वहीं इस दौरान अनेक युवा भजनों की धुन पर थिरकते हुए भी चल रहे थे। उनके पीछे अनेक समाज बंधु भी चल रहे थे। हनुमान टेकरी से शुरू हुआ यह जुलूस बूढ़े बालाजी, हाट रोड, हनुमान चौराहा, एबी रोड से होते हुए कुसमोदा की ओर रवाना हुआ। इस दौरान रास्ते में कई स्थानों पर समाज बंधुओं ने वीरांगना अवंती बाई लोधी की आरती उतारकर जुलूस का स्वागत किया। जुलूस का समापन कुसमोदा क्षेत्र में स्थित समाज की धर्मशाला पर किया। जहां जयंती के उपलक्ष्य में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

गुना-बमोरी अंचल में पवित्रा एकादशी महोत्सव का भव्य आगाज, हिंडोले में विराजेंगे श्रीनाथ जी

श्रावण मास के पावन अवसर पर गुना एवं बमोरी अंचल में तीन दिवसीय पवित्रा एकादशी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के प्रांतीय प्रचार प्रमुख व जिलाध्यक्ष कैलाश मंथन ने बताया कि पवित्रा एकादशी का दिन पुष्टिमार्ग का स्थापना दिवस भी है। इसी दिन पुष्टि भक्ति मार्ग का प्राकट्य हुआ था, जो भगवान कृष्ण की प्राप्ति का सबसे सहज और सरल मार्ग है।

खबर संक्षेप

दाऊदी बोहरा समाज के ईद मिलादुन्नबी जुलूस का किया स्वागत



सीहोर। दाऊदी बोहरा समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रविवार को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस का शुभारंभ कस्बा स्थित बोहरा मस्जिद से हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए छावनी स्थित बोहरा मस्जिद पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस के स्थानीय लीसा टॉकीज चौराहे पर पहुंचने पर सीहोर नागरिक सहकारी बैंक के पूर्व संचालक एवं समाजसेवी नेता चंपालाल यादव ने पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं एवं समाजजनों को टॉफियां वितरित कीं तथा दाऊदी बोहरा समाज के अध्यक्ष अब्दुल हुसैन व चल समारोह अध्यक्ष हुसैन अली का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। जुलूस के स्वागत के दौरान प्रमुख रूप से समाजसेवी नरेंद्र गोस्वामी, इसरार पहलवान, धन सिंह टीमराई, कुंदन राय, आशीष गुप्ता, हेमराज गुड्डा, ए.आर. शेख मुंशी, सुभाष वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं नागरिक उपस्थित रहे।

राजेंद्र सिंह राठौर राष्ट्रीय संरक्षक मनोनीत



सीहोर। अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा ने संगठन का विस्तार करते हुए राजेंद्र सिंह राठौर जी को राष्ट्रीय संरक्षक मनोनीत किया है।उनके राष्ट्रीय संरक्षक बनने पर समाजजनों में हर्ष की लहर है। जगह-जगह से उन्हें बधाई संदेश दिए जा रहे हैं। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि राजेंद्र सिंह राठौर जी के अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन को नई दिशा मिलेगी और समाज को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोगों ने हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

सावन के चौथे सामवार को भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में हुई आरती संपन्न

पांडव कालीन शंकर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, सुख-शांति के लिए की प्रार्थना





शंकर मंदिर सहित मां पार्वती व पापनाशिनी नदी के संगम तट पर स्थित प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़े श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पवित्र श्रावण मास के चतुर्थ एवं अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर समूचा आष्टा नगर शिवमय नजर आया। नगर के प्राचीन शंकर मंदिर सहित मां पार्वती एवं पापनाशिनी नदी के पावन संगम तट पर स्थित प्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में तड़के से ही शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रावण सोमवार के विशेष अवसर पर पशुपतिनाथ मंदिर समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ का भगवान जगन्नाथ स्वरूप आकर्षक श्रृंगार कर महाआरती का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललित नागौरी, पार्षद रवि शर्मा, तेजपाल मुकाती, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, देवकरण पहलवान, ललित सुराना, राम सोनी, भूरामल प्रजापति, चेतन छाजेड़, मोहित प्रजापति, आकाश मेवाड़ा, रोहित तौमर, अनिमेश सोनी, शिव श्रीवादी, राजेश राठौर, जयदीप महेश्वरी सहित सैकड़ों की संख्या में शिवभक्तों ने महाआरती में सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। आरती के उपरांत समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण किया गया।

भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर नगर के अति प्राचीन पांडव कालीन शंकर मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही नगर एवं ग्रामीण अंचल के सैकड़ों शिव भक्तों का मंदिर में तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति भाव के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बिल्वपत्र अर्पण एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समस्त नगरवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। इस पावन अवसर पर प्रभु प्रेमी संघ आष्टा के महासचिव प्रदीप प्रगति, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, सुभाष सावरिया, दिलीप भोजवानी, पल्लव प्रगति, कमल सिंह लाखुखेड़ी, भजन गायक राजू राठौर, पवन पहलवान, रेवाराम विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन, युवा साथी एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया शुरू

अब तक मांगें नहीं हुईं पूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय किसान संघ तहसील ईकाई अव. बड़ोदिया द्वारा क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों के राजस्व हल्कों के किसानों को फसल बीमा राशि से वंचित कर दिए जाने और बार बार शासन प्रशासन को ज्ञापन देने के बाद भी बीमा राशि नहीं दिलवाने किसी तरह की जांच करवाने का आश्वासन नहीं देने तथा तहसील क्षेत्र के ग्रामों को नर्मदा सिंचाई परियोजना से नहीं जोड़ें जाने और अन्य स्थानीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया। प्रथम दिवस मे नारों का उद्घोष करते हुए किसान संघ के ध्वज का आरोहण कर भगवान बलराम का पूजन कर धरना प्रारंभ किया। धरने को भारतीय किसान संघ जिला शाजापुर सहमंत्री चन्दर सिंह सिसोदिया, तहसील अध्यक्ष हंसराज उपलावदिया, तहसील मंत्री राजेन्द्र उपाध्याय, शुजालपुर तहसील उपाध्यक्ष सौभाग्य सिंह, अव. बड़ोदिया तहसील उपाध्यक्ष पटेल देवकरण जावरिया, तहसील ईकाई सदस्य सीताराम चौधरी, छीतर सिंह मालवीय, ने संबोधित किया। विक्रम सिंह चौधरी, विजय उपलावदिया, धीरज सिंह ठाकुर और दीपक उपाध्याय ने किसान गीत व कविताओं की प्रस्तुति दी। बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे। सभी किसानों ने शासन प्रशासन और बीमा कंपनी की किसान विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जावरिया फौजी द्वारा दी गई।

विधायक ने छात्राओं की सुनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा



दोराहा कन्या शाला की छात्राओं को बैठने की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। छात्राओं की परेशानी की जानकारी मिलने पर विधायक सुदेश राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा एवं रिंकू जायसवाल ने वीडियो कॉल के माध्यम से विधायक सुदेश राय की छात्राओं से सीधी बातचीत कराई। इस दौरान छात्राओं ने विधायक को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि स्कूल में बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं की समस्या सुनने के बाद विधायक सुदेश राय ने तत्काल समाधान करते हुए पूर्व तहसील कक्ष की चाबी स्कूल प्राचार्य के हवाले करने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं के बैठने की व्यवस्था की जा सके। विधायक के तत्काल हस्तक्षेप से छात्राओं को राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान मौजूद मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा एवं रिंकू जायसवाल ने कहा कि छात्राओं की समस्या को विधायक तक पहुंचाया गया और विधायक ने बिना देरी किए उसका समाधान कराया। छात्राओं ने भी समस्या का तत्काल निराकरण किए जाने पर विधायक सुदेश राय का आभार व्यक्त किया।

गांव में चौपाल लगा कर विधायक ने ग्रामीणों से किया संवाद, सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आपका विधायक-आपके द्वार अभियान के तहत लगे शिविर में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विधानसभा क्षेत्र के सिद्दिकगंज, सुशील नगर, पिपलिया खाड़ी, बलिया खेड़ी, आदि ग्रामो में पहुच कर जनता चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना,ग्राम में जो विकास कार्य कराये, जो चल रहे उनसे अवगत करा कर जनता की समस्याओं को सुना और मौके से ही अधिकारियों को निर्देश दिये। दौरे में मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया, नरेन्द्रसिंह ठाकुर, युवा मोर्चे के जिला अध्यक्ष महेंद्रसिंह ठाकुर, यशवंतसिंह ठाकुर, नारायणसिंह, कुलदीप धुराडा, महेन्द्र काजले, राजेन्द्र धारवा सहित सभी सरपंच, पंच, भाजपा के कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, मातृ शक्ति उपस्तिथ रहे।

संबल योजना हितग्राही को सौंपा 2 लाख रुपए की राशि का स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत नगरपालिका द्वारा एक पात्र संबलधारक हितग्राही को 2 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। यह स्वीकृति पत्र नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के निज कार्यालय में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा हितग्राही को सौंपा। नपा सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर से प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात वार्ड क्रमांक 12 निवासी संबल कार्डधारक मृतक उमेश ताम्रकार की पत्नी श्रीमती निधी ताम्रकार का चयन इस योजना के तहत हुआ। योजना के प्रावधानों के अनुसार मृतक के आश्रित परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से 2 लाख रुपये की स्वीकृत सहायता राशि का प्रमाण पत्र आज विधिवत रूप से सौंपा गया है।संबल योजना गरीबों के लिए है वरदान - स्वीकृति पत्र सौंपने के अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना गरीब और श्रमिक परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। किसी भी परिवार के लिए अपने मुखिया या परिजन को खोना एक अपूरणीय क्षति होती है, जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। लेकिन ऐसी कठिन परिस्थितियों में प्रदेश सरकार पीड़ति परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। यह 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता परिवार को कठिन समय में संबल प्रदान करेगी और उनके पुनर्वास में मददगार साबित होगी। नगर पालिका का सदैव यही प्रयास रहता है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र हितग्राही तक पारदर्शी और त्वरित रूप से पहुँचे। इस अवसर पर पार्षदप्रतिनिधिगण सुभाष नामदेव, शेख रईस, बाबूलाल जाटव, राजा ताम्रकार आदि मौजूद थे।

देवगुरु धर्म की कृपा से ही होता है आत्मा का उद्धार:अमृत रसा श्रीजी

जावर। महिदपुर रोड श्री राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्री जी महाराज ने नवकार महामंत्र आराधना के तृतीय दिवस पर उपस्थित समाज जनों संबोधित करते हुए कहा कि 36 गुणो से परिपूर्ण ऐसे आचार्य भगवंत होते हैं परमात्मा व गुरु की आज्ञा का पालन कर ही व्यक्ति अपनी आत्मा का उद्धार कर सकता हैं। आचार्य भगवंत संघ के नायक होते हैं यह धर्म का संचालन करते हैं आचार्य स्वयं दीक्षा देते हैं एवं साधकों को धर्म का सच्चा मार्ग प्रशस्त करते हैं 36 गुणो के धारक होते हैं एवं संघ का नेतृत्व करते हैं गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती है। गुरु से ही हमारा जीवन शुरू होता है मनुष्य के जीवन में गुरु का होना परम आवश्यक है। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की सा धार्मिक भक्ति प्रभावना व संपूर्ण दिवस का लाभ प्रकाश चंद्र आलोक कुमार,अरविंद कुमार बरडिया परिवार द्वारा लिया।

तपोभूमि देव बड़ला में उमड़ा श्रद्धा का शैलाब

पवित्र जल से श्रद्धालुओं ने किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातत्विक धरोहर देवांचल धाम देव बड़ला बीलपान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी ने बताया कि शिव तत्व विचार जीवन में काम पर विजय प्राप्त करना अति कठिन है। भगवान शिव इसलिये भी देवों के देव महादेव हैं क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में काम को भस्म किया है। अधिकतर देव काम के अधीन हैं पर भगवान शिव राम के अधीन हैं। भगवान महादेव के जीवन में वासना नहीं, उपासना है। शिव पूर्ण काम हैं, तृप्त काम हैं। काम का अर्थ केवल वासना ही नहीं अपितु कामना भी है। देव बड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने कहा देवाधिदेव महादेव भूत भावन भगवान शंकर की आराधना का पर्व साधना आस्था श्रद्धा विश्वास का पवित्र श्रावण मास भगवान शिव को अतिप्रिय है भगवान महादेव ने सभी प्रकार की कामनाओं, इच्छाओं और वासनाओं को नष्ट किया है। शिवजी के जीवन में कोई लोभ नहीं केवल राम दर्शन, राम कथा श्रवण और राम नाम गायन ही उनकी कामना है। भगवान शिव बहिर्मुखी नहीं, अंतर्मुखी रहते हैं। सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं। श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार के शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में बाबा विलवैश्वर महादेव का जल अभिषेक किया सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा हूं अनेक ग्रामों से कावड़ यात्री बाबा को जिला कंकर क्षेत्र की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं की एक महा से देव बड़ला की पहाड़ियां हर हर महादेव के नारों से गूंज रही है इस बार सबसे अधिक भीड़ रही भक्तों की विंध्याचल पर्वत की नाभि स्थल पर बसा देव बड़ला क्षेत्र की सबसे बड़ी व प्राचीन धारोह है लेकिन 24 घंटे वाली बिजली सुलभ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित है यहां आने वाले भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ता है खास करके महिलाओं को ज्यादा समस्या आती है ।

